## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान के कराची शहर में भीषण विस्फोट, तीन की मौत, 15 लोग घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तानी की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले कराची शहर में हुए भीषण विस्घ्फोट में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई है और 15 अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। विस्फोट में इमारत का काफी हिस्सा ढह गया। यह विस्फोट कराची के गुलशन–ए–इकबाल इलाके में हुआ। सभी घायलों को पास के पटेल हॉस्पिटल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि इस विस्फोट में बिल्डिंग को काफी नुकसान पहुंचा है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक यह विस्फोट इमरात की दूसरी मंजिल पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस भीषण विस्फोट से आसपास की इमारतों के भी शीशे टूट गए हैं। अभी तक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि ऐसा लगता है कि यह सिलिंडर में विस्फोट हुआ है। बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंच गया है और जांच जारी है। पूरे इलाके को घेर लिया गया है और सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली ने कराची के कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी है।

### फ्रांस में एफिल टॉवर के नीचे दो मुस्लिम महिलाओं को कई बार चाकू मारा, दी गाली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। पैगंबर कार्टून विवाद में फ्रांस में एक शिक्षक के इस्लामिक कट्टरपंथी के गला काट देने के बाद अब पेरिस में एफिल टॉवर के नीचे दो मुस्लिम महिलाओं को कई बार चाकू मारकर घायल कर दिया गया। इस दौरान गंदे अरबी कहकर उन्हें गाली भी दी गई। इस बीच फ्रांस की पुलिस ने दो महिला संदिग्धों को इस नस्ली हमले के बाद अरेस्ट किया है। पुलिस ने जिन महिलाओं को हिरासत में लिया है, वे गोरी महिलाएं हैं और श्यूरोप की लग रहीश हैं। पेरिस के अभियोजकों ने कहा कि इन महिलाओं के खिलाफ अब हत्या के प्रयास का मुकदमा चलेगा। इस हमले में घायल महिलाओं की पहचान अल्घ्जीरिया मूल की फ्रांसीसी महिला केन्जा और अमेल के रूप में हुई है। केंजा को 6 बार चाकू मारा गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेल को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके हाथों की सर्जरी हुई है। इस हमले के बार में आधिकारिक सूचना नहीं आने से सोशल मीडिया पर लोगों में जमकर उबाल देखा गया।

### शरीफ के दामाद कैप्टन सफदर की गिरफ्तारी से देश की राजनीति में भूचाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दामाद कैप्टन सफदर की गिरफ्तारी से देश की राजनीति में भूचाल आ गया है। इस पूरे बवाल में पाकिस्तानी सेना केंद्र में है और इमरान खान सरकार का बचाव करना उसके लिए बड़ा भारी पड़ रहा है। हालात इतने खराब हो गए कि सिंध प्रांत की पुलिस ने एक तरह से पाकिस्तानी सेना के बढ़ते हस्तक्षेप के खिलाफ विद्रोह कर दिया। विपक्ष और मीडिया के चौतरफा दबाव के बाद पाकिस्घ्तानी सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा को आनन–फानन में जांच के आदेश देने पड़े हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की राजधानी कराची में 11 विपक्षी दलों के महागठबंधन 'पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट' का 18 अक्टूबर को विशाल जलसा हुआ।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किल बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। फाइनेंशियल ऐक्शन टाक्स फोर्स की तीन दिवसीय वर्चुअल बैठक आज से शुरू होने जा रही है जिसमें आंतकिस्तान कहे जाने वाले पाकिस्तान के भविष्घ्य पर फैसला होगा। पाकिस्तान FATF की ओर से दी गई 6 जिम्मेदारियों को पूरा करने में असफल रहा है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का ग्रे लिस्ट में बने रहना तय है। हालांकि आतंकियों को पाल रहे पाकिस्तान पर ब्लैक लिस्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है। पाकिस्तान अब तक भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी मौलाना मसूद अजहर और लश्कर–ए–तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के खिलाफ ऐक्शन लेने में असफल रहा है। यही नहीं उसने अचानक से 4000 लोगों के नाम अपने आधिकारिक आतंकी लिस्घ्ट से हटा दिए। 21 से 23 अक्टूबर तक चलने वाली इस बैठक में एफएटीएफ समीक्षा करने के बाद पाकिस्तान के ग्रे लिस्ट में बने पर फैसला करेगी।

# लद्दाख में भारत पर सैन्य दबाव डाल रहा है चीन

**खुलासा**

## चीन पर बरसे अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क एस्पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। लद्दाख में पिछले कई महीने से चल रहे तनाव के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने चीन पर निशाना साधा है। अमेरिकी रक्षामंत्री ने कहा कि भारतीय हर दिन हिमालयी क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना कर रहे हैं। चीन भारत पर सैन्य दबाव डाल रहा है। एस्पर का यह बयान भारत यात्रा से ठीक पहले आया है जहां पर वह और विदेश मंत्री माइक पोम्पियो भारत के साथ 22 वार्ता करेंगे।

एस्पर ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, वे (भारतीय) हर दिन चीनी आक्रामकता का सामना कर रहे हैं, खासतौर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर। यह कुछ उसी तरह से है, जैसे इस क्षेत्र के अन्य देश कर रहे हैं....वे सभी चीन क्या कर रहा है, इसे मानते हैं। कुछ जगहों पर यह खुले आम है और कुछ जगहों पर यह अस्पष्ट है। वे




(चीन) राजनीतिक, कूटनीतिक और भारत जैसे कुछ मामलों में सैन्य दबाव डाल रहे हैं ताकि ये देश झुक जाएं।

**चीन ने एलएसी पर 60 हजार सैनिक जमा कर रखे:** इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री ने भी कहा था कि चीन ने एलएसी पर 60 हजार सैनिक जमा कर रखे हैं। भारत यात्रा की पुष्टि करते हुए एस्पर ने कहा कि मैं और विदेश मंत्री पोम्पियो अगले हफ्ते भारत जाएंगे। यह भारतीयों के साथ हमारी दूसरी 22 वार्ता है। उन्होंने कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में इस सदी में निश्चित रूप से भारत अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण पार्टनर है।

अन्य एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, बहुत सक्षम देश है, जहां के लोग बेहद प्रतिभावान हैं। एस्पर ने कहा, इसलिये, उस क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह मैंने भी उनसे (भारत) बात की है। मैंने मंगोलिया, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, थाईलैंड और पलाउ तक की यात्रा की है। वे भी चीन जो कर रहा है उस पहचान जाएंगे।

**अगले हफ्ते दिल्ली में है बैठक:** पिछले हफ्ते हुई Five Eyes Forum के बारे में एस्पर ने बताया कि इसमें इंडो–पैसिफिक की चुनौतियों, आपसी सहयोग, संप्रभुता को मिलने वाली चुनौती, अंतरराष्ट्रीय नियमों की व्यवस्था औक नैविगेशन की आजादी पर चर्चा की गई। इससे और ज्यादा नजदीकी सहयोग बनता है और अगले हफ्ते दिल्ली में होने वाली बैठक में भी यह दिखेगा।

भारत नौसेना की जानकारी साझा करने के समझौते पर एस्पर ने कहा कि भारत के साथ कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है लेकिन इसके बारे में जानकारी सही समय पर दी जाएगी।

### नवाज शरीफ के दामाद की गिरफ्तारी पर पाक में भूचाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
तेहरान। ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव लगातार गहराता जा रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स फनके Force के डिप्टी कमांडर मोहम्मद रजा फलाहजादेह ने अमेरिका को खुलेआम धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि हम जल्द ही अमेरिका से अपने कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी के मौत का बदला लेंगे। ईरानी सेना के इस उच्च अधिकारी ने कहा कि ईरानी कमांडरों और सैनिकों की हत्या तेहरान को पीछे हटने या अपने लक्ष्यों को छोड़ने के लिए मजबूर नहीं करेगी।

ईरानी सैन्य अधिकारी रजा फलाहजादेह का बयान उनके सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खमनेई के बयान से मेल खाता है। जिन्होंने पहले ही ऐलान किया हुआ है कि ईरान यह कभी नहीं भूलेगा कि अमेरिका ने कासिम सुलेमानी की हत्या की है। तेहरान निश्चित रूप से अमेरिका के इस आघात से निपटेगा।

**तो अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाएगा ईरान?**
अमेरिकी मीडिया पोलिटिको ने एक अनाम खुफिया स्रोत का हवाला देते हुए बताया था कि तेहरान शीर्ष ईरानी जनरल कासिम सोलेमानी की हत्या का बदला लेने के लिए विकल्पों पर गौर कर रहा है।



### भारत के जवाब में चीन ने पीएलए को दी नई राइफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। भारत के अपने अग्रिम मोर्चों पर तैनात सैनिकों को अत्याधुनिक अमेरिकन राइफल देने के बाद अब चीन ने भी तिब्बत में तैनात अपने सैनिकों को नई राइफल दी है। चीन की इस नई राइफल का नाम 'क्यूबीयू–191 है। चीनी ड्रैगन के सरकारी भोंपू का दावा है कि इस नई राइफल से लंबी दूरी तक सटीक वार किया जा सकता है। चीन की इस नई राइफल का अब सोशल मीडिया में जमकर मजाक उड़ रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी विशेषज्ञों के हवाले से दावा किया कि यह राइफल लद्दाख के बेहद ठंडे माहौल में भी सटीक हमला कर सकती है। यह राइफल अब चीन की QBU–88 स्नाइपर राइफल की जगह लेगी।

## फ्रांसीसी टीचर के कटे सिर की तस्वीर शेयर कर भारतीय ISIS समर्थकों ने दी धमकी

उन्होंने कहा कि अभी आगे भी तलवारें नहीं रुकेंगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। फ्रांस में पैगंबर मोहम्मद साहब का कार्टून दिखाने पर एक टीचर का गला काटने की नृशंस घटना के बाद भारतीय ISIS समर्थकों ने कथित रूप से धमकी दी है कि अभी तलवारें नहीं रुकेंगी और उनकी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पहले चेचेन मूल के एक इस्लामिक कट्टरपंथी ने पेरिस के शिक्षक सैमुअल पैटी की गला काटकर हत्या कर दी थी। हत्यारे ने आरोप लगाया था कि सैमुअल ने क्लास में उसकी बेटी को पैगंबर का कार्टून दिखाया था।

रूसी समाचार वेबसाइट स्पुतनिक न्यूज ने अमेरिका के होमलैंड सिक्यॉरिटी विभाग के हवाले से बताया कि भारत में ISIS के समर्थकों ने फ्रांसीसी टीचर के कटे सिर की तस्वीर अपने ऑनलाइन मैगजीन में प्रकाशित की है। साथ ही आतंकियों ने धमकी दी है कि जो कोई भी पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ ईशनिंदा करेगा उसका यही अंजाम होगा।

**टीचर के कटे सिर की तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया:** बताया जा रहा है कि हत्यारों ने टीचर के कटे सिर की तस्वीर को सबसे पहले सोशल मीडिया पर शेयर किया था। अब इसी तस्वीर को कथित रूप से ISIS समर्थकों ने अपने ऑनलाइन मैगजीन में प्रकाशित किया है। इस तस्वीर के साथ तलवार की भी तस्वीर छपी है और एक संदेश लिखा है। इसमें कहा गया है, अगर आपकी अभिव्यक्ति की आजादी आपको पैगंबर की आलोचना करने से नहीं रोकती है तो हमारी तलवारें पैगंबर की शान में गुस्ताखी करने से रोकेंगी। इससे पहले इसी पत्रिका ने अपने पाठकों का आह्वान किया था कि वे शार्ली एब्दो हमले को अंजाम दें जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी और 11 अन्य घायल हो गए थे।

अभी तक आईएसआईएस ने पेरिस हत्याकांड की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि टीचर सैमुअल की गला काटकर हत्या करने के बाद पुलिस ने जोरदार कार्रवाई शुरू की है।

### अफगानिस्तान में वीजा लेने आए लोगों में भगदड़, 11 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। देश से बाहर जाने के वास्ते वीजा लेने के लिए बुधवार को एक स्टेडियम में इंतजार कर रहे हजारों अफगानी नागरिकों में भगदड़ मच गई जिससे कम से कम 11 महिलाओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गवर्नर अताउल्लाह खोग्यानी ने कहा कि पूर्वी नांगरहार प्रांत में पाकिस्तान जाने के वास्ते वीजा लेने के लिए एक स्टेडिम में आए लोगों में से 13 अन्य लोग घायल हो गए जिनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों में से ज्यादातर वृद्ध थे। एक अन्य घटना में उत्तरी अफगानिस्तान में तालिबान के हमले में कम से कम 34 अफगान पुलिस कर्मी मारे गए। एक स्थानीय अस्पताल के अधिकारी ने यह जानकारी दी। ताखर प्रांत के मुख्य अस्पताल के निदेशक रहीम बाखिश दानिश ने कहा कि हमले में आठ अन्य सुरक्षा कर्मी घायल हो गए।